मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर, 2001 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 8 नवम्बर, 2001 (कार्तिक 17, 1923)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138(1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री भूपेन्द्र सिंह, सदस्य, सागर जिले के सुरखी क्षेत्र में निर्मित राजघाट बांध के विस्थापित कृषकों को उपयुक्त मुआवजा न मिलने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री मुंशीलाल, प्रभाकर सिंह, नरेन्द्र सिंह तोमर, सदस्य, मुरैना जिले की कृषि उपज मण्डियों में कृषकों का बाजरा समर्थन मूल्य पर न खरीदे जाने की ओर राज्यमंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री प्रेमनारायण ठाकुर, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का उन्नीसवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

"सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के उन्नीसवें प्रतिवेदन से सहमत है."

निर्धारित समय

4. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषयों पर चर्चा

(1) प्रदेश में व्याप्त विद्युत कटौती एवं विद्युत मंडल द्वारा बिजली की दरों में की गई वृद्धि से उत्पन्न स्थिति के संबंध में चर्चा का पुनर्ग्रहण.

1 घन्टा 30 मि. — (2) प्रदेश में सूखे से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सर्वश्री कंकर मुंजारे, रसाल सिंह, लक्ष्मीकांत शर्मा, राजेन्द्र भारती (दतिया), डॉ. आई.एम.पी. वर्मा, डॉ. सीतासरन शर्मा, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, श्री अनूप मिश्रा, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

1 घन्टा 30 मि. — (3) प्रदेश में फैल रहे संक्रामक रोग (हैजा एवं आंत्रशोथ) से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सर्वश्री हरीशंकर जायसवाल (हरि भैया), नरेन्द्र बिरथरे, सुनील नायक, लाल सिंह, नरेन्द्र सिंह तोमर, डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

भोपाल :
दिनांक : 7 नवम्बर, 2001

डॉ. ए. के. पयासी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.